an>

Title: Regarding issue of caste certificate to all the persons belonging to 'Kori' community in Uttar Pradesh.

श्री हुकुम सिंह (कैराना) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस विÂ◌ाय पर बोलने का मौका दिया। मैं समाज के एक बहुत ही दलित और पिछड़े वर्ग की आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्Âि◌ात करना चाहता हूं। कोरी जाति संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति में आती है। परन्तु कुछ स्थानों पर उसे अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र नहीं दिए जा रहे हैं। इस कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में सहारनपुर में कोरी जाति के लोगों को हमारे प्रयासों के बावजूद भी अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहा है। उसका परिणाम यह हो रहा है कि न तो इन जाति के बच्चों को एडमिशन मिल पा रहा है और न ही उन्हें नौकरियों में आरक्षण की सुविधा मिल पा रही है। इसके अलावा अनुसूचित जाति के लोगों को जो सुविधाएं मिलती हैं, वे भी इन्हें नहीं मिल रही हैं। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देश जारी किए जाएं और जो अधिकारी उनके हक को छीनने का कार्य कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवम् श्री देवजी एम. पटेल को श्री हुकुम सिंह द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Shrimati M. Vasanthi. You are not supposed to read out the whole paper. All of you are reading like this.

...(*Interruptions*)